Chapter- 6

बलवान कौन ?

STUDY NOTES

सरल भाषा में कहानी का अर्थ -

एक दिन की बात है एक हाथी खुश होकर अपने शरीर को एक पेड़ के तने से रगड़ने लगा। उस पेड़ के ऊपर चिड़िया का घोंसला था। उस घोंसले में चिड़िया के दो अंडे भी रखे हुए थे। उस छोटी सी चिड़िया ने हाथी को बहुत समझाया हाथी भाई हाथी भाई अपने शरीर को पेड़ से मत रगड़ो मेरे सारे अंडे गिरकर टूट जाएँगे, मगर हाथी ने चिड़िया की बात को सुनकर भी अनसुना कर दिया और जोर-जोर से पेड़ को हिलाया की चिड़िया का घोंसला गिर गया और अंडे टूट गए। चिड़िया रानी मायूस होकर पेड़ की डाल पर बैठ कर रोने लगी। तभी वहाँ एक चींटी आई। उसने पूछा चिड़िया बहन चिड़िया बहन तुम क्यों रो रही हो ? चिड़िया ने चींटी से सारी बात बता दी। चींटी ने चिड़िया की सारी बातों को सुनकर उससे यह कहा कि मैं हाथी को जरूर मजा चखाऊँगी। तभी चींटी ने हाथी को जोर से बुलाया,हाथी ने उसके छोटेपन का खूब मजाक उड़ाया,पर चींटी ने इन सारी बातों की परवाह ना करते हुए उसकी सूँड में घुसकर उसे जोर जोर से काटना शुरु कर दिया, हाथी बेचारा दर्द से चिल्ला उठा। हाथी बार-बार अपना सूँड घुमाकर चींटी को निकालने की कोशिश करता रहा पर अंत में हाथी ने अपनी हार मान ली,इस तरह चींटी ने हाथी को सबक सिखाया।

कहानी की सच्ची सीख- विशाल आकार होने से ही प्राणी बलवान नहीं होता है।

१. कठिन शब्दों के अर्थ।

चिंतन - मन ही मन किसी बात को सोचना

मनन - विचार करना

ललकार - जोर से चिल्लाकर आवाज देना

सबक - सही सीख

वादा - प्रतिज्ञा

अभ्यास के लिए:

मौखिक-

२. कम से कम शब्दों में उत्तर दीजिए।

क) पेड़ के ऊपर क्या था ?

उ - पेड़ के ऊपर चिड़िया का घोंसला था।

ख) घोंसले में कितने अंड़े रखे थे ?

उ - घोंसले में दो अंडे रखे थे।

ग) पेड़ को ज़ोर से हिलाने पर क्या हुआ ?

उ - पेड़ को ज़ोर से हिलाने पर चिड़िया का घोंसला गिर गया और अंडे टूट गए।

घ) चींटी ने चिड़िया से क्या वादा किया ?

उ - चींटी ने चिड़िया से यह वादा किया कि वह हाथी को ज़रूर मजा चखाएगी।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

लिखित:

३. सही वाक्य पर (✓) का और गलत वाक्य पर (x) का निशान लगाइए।

क) चिड़िया ने हाथी को बहुत समझाया। (✓)

ख) हाथी ने चीटी का मजाक उड़ाया। (✓)

ग) चिड़िया के अंडे टूटे नहीं थे। (x)

घ) चींटी ने हाथी से बदला लिया। (✓)

४. खाली जगह भरें।

क) संसार में हर बड़े आकार का प्राणी अपने आपको <u>बलवान</u> समझता है।

ख) पेड़ के ऊपर चिड़िया का <u>घोंसला</u> था।

ग) <u>मायूस</u> चिड़िया पेड़ की डाल पर बैठकर रोने लगी।

घ) चींटी ने हाथी को <u>सबक</u> सिखाया।

५. जोड़े बनाइए -

क) पेड़ के ऊपर - चिड़िया का घोंसला था।

ख) चींटी ने चिड़िया से - रोने का कारण पूछा।

ग) हाथी बेचारा दर्द से - तड़प उठा।

घ) विशाल आकार होने से - प्राणी बलवान नहीं होता है।

६. प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क) हाथी अपने शरीर को किससे रगड़ रहा था ?

उ - हाथी अपने शरीर को एक पेड़ के तने से रगड़ने लगा।

ख) घोंसले में क्या रखा था ?

उ - घोंसले में चिड़िया का अंड़ा रखा था।

ग) चिड़िया क्यों रोने लगी ?

उ - चिड़िया के अंड़े टूट जाने के कारण वह रोने लगी।

घ) हाथी ने किसका मज़ाक उड़ाया ?

उ - हाथी ने चींटी का बहुत मज़ाक उड़ाया।

७. मूल्यपरक प्रश्न:

क) चींटी ने हाथी से कैसे बदला लिया ?

उ - चींटी ने हाथी की सूँड में घुसकर उसे खूब जोर-से काटा, इस बजह से जब हाथी को बहुत दर्द हुआ तब उसने हारकर अपनी गलती मान ली।

ख) इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है ?

उ - इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है की सिर्फ विशाल आकार होने से ही प्राणी बलवान नहीं होता है। बुद्धिमान प्राणी ही बलवान होता है।

♦♦♦